कार्यालय– स्टेट लेविल नोडल एजेन्सी
समेकित जल संग्रहण प्रबन्धन परियोजना
परती भूमि विकास विभाग,
एल्डिको कॉरपोरेट टॉवर, विभूति खण्ड गोमती नगर लखनऊ
दूरभाष–0522–4005337, 4113437 ईमेल–sldcldwrlu-up@nic.in

पत्रांक– 482 /एस.एल.डी.सी./2015–16 दिनॉक 10 जून,2015

1 समस्त उप निदेशक,
सिंचाई एव जल संसाधन विभाग उ0प्र0।
2. समस्त भूमि संरक्षण अधिकारी,
सिचाई एवं जल संसाधन विभाग उ0प्र0।

विषयः– समेकित जल संग्रहण प्रबन्धन कार्यक्रम के अन्तर्गत कार्यरत डब्ल्यू.डी.टी. के सदस्यों की सेवाओं के सम्बन्ध में।

उपरोक्त विषयान्तर्गत इस कार्यालय के पत्र सं0364/एस.एल.डी.सी./2015–16 दिनांक 02 जून,2015 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से अपेक्षा की गयी है कि आपके जनपद में कार्यक्रम अन्तर्गत कार्यरत डब्ल्यू.डी.टी. सदस्यों का मासिक पारश्रमिक भुगतान किया जाना यदि सम्भव नही है तो के सदस्यों का लम्बित समस्त पारिश्रमिक का भुगतान करते हुये डब्ल्यू.डी.टी. सदस्यों को सेवा प्रदाता विब्ग्योर इन्फो0 प्रा0लि0 के लिये कार्यमुक्त कर दिया जाये।

इस सम्बन्ध में कृपया अवगत कराने का कष्ट करें कि उक्त आदेश के अनुपालनोपरान्त भी क्या आपके अधिकार क्षेत्र के अन्तर्गत डब्ल्यू.डी.टी. के सदस्य कार्यरत है? यदि हॉ तो उनका विस्तृत विवरण 02 दिन के अन्दर प्रेषित करें, साथ ही यह अवगत कराने का कष्ट करें, कि विगत तीन वर्षो में विभिन्न आई.डब्ल्यू.एम.पी. परियोजनाओं के अन्तर्गत जनपद में प्रशासनिक मद में कुल उपलब्ध करायी गयी धनराशि के सापेक्ष कितनी धनराशि डब्ल्यू.डी.टी. सदस्यों के मानदेय तथा कितनी धनराशि अन्य मद में व्यय की गयी है। इसी क्रम में यह भी सुनिश्चित करें कि कार्यमुक्त किये गये डब्ल्यू.डी.टी. सदस्यों का उनके कार्यमुक्त होने के दिवस तक का पारिश्रमिक/मानदेय प्राथमिकता के आधार पर भुगतान किया जाय, और तदोपरान्त प्रशासनिक मद की धनराशि का उपयोग किसी अन्य कार्य हेतु किया जाय। इस सम्बन्ध में यदि किसी भी प्रकार की और जानकारी की आवश्यकता हो तो अधोहरताक्षरी के कार्यालय में सम्पर्क कर सकते है।

(आन्जनेय कुमार सिंह)
मुख्य कार्यकारी अधिकारी

पत्रांक– / एस.एल.डी.सी./2015–16 दिनॉकित

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवही हेतु–

1. प्रमुख सचिव, परती भूमि विकास विभाग, उ0प्र0 शासन लखनऊ।
2. समस्त जिलाधिकारी, उ0प्र0 (शामली, गाजियाबाद तथा गौतमबुद्धनगर को छोड़कर)
3. अध्यक्ष एवं प्रशासक शारदा सहायक समादेश क्षेत्रीय विकास एवं जल प्रबन्धन परियोजना लखनऊ।
4. अध्यक्ष एवं प्रशासक राम गंगा कमाण्ड परियोजना पाण्डुनगर कानपुर ।
5. संयुक्त निदेशक, समादेश बन्धु, उ0प्र0 शासन लखनऊ।
6. विब्ग्योर इन्फो0 प्रा0लि0, रोहित भवन, सप्रू मार्ग, लखनऊ।

ह0
(आन्जनेय कुमार सिंह)
मुख्य कार्यकारी अधिकारी